**नेशनल रैंकिंग जारी** • आईआईटी मद्रास 5 साल से टॉप, बीएचयू 11वें, डीयू 22वें पर

# देश: टॉप-10 उच्च शिक्षा संस्थानों में 7 IIT

# छत्तीसगढ़: रविवि की 150 से ऊपर रैंक

अनिरुद्ध शर्मा | नई दिल्ली

देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में आईआईटी मद्रास लगातार 5वें साल टॉप पर व बेंगलुरु का आईआईएससी दूसरे नंबर पर रहा। सोमवार को जारी हुई नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क-2023 के मुताबिक, आईआईटी-दिल्ली पिछले साल से एक पायदान उठकर तीसरे पर पहुंच गया है। देशभर के टॉप-10 उच्च शिक्षा संस्थानों में 7 आईआईटी हैं। एम्स, दिल्ली 3 पायदान की छलांग लगाकर 9वें से छठे नंबर पर पहुंचा है। बीएचयू 2018 से 2021 तक 10वें पायदान पर था, लेकिन बीते दो साल से 11वें पायदान पर है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग में इस बार 5,543 शिक्षण संस्थानों ने हिस्सा लिया। ओवरऑल रैंकिंग के अलावा 12 विषयों में रैंकिंग जारी की गई है, इनोवेशन और कृषि से जुड़े संस्थानों की रैंकिंग पहली बार जारी की गई। 2016 से देश के उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग जारी की जा रही है। दिल्ली के आईआईटी, एम्स और जेएनयू को टॉप-10 में स्थान मिला है। जेएनयू दिल्ली अब तक की सभी रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल रहने वाला अकेला विश्वविद्यालय है। 2018 में यह छठी रैंक पर था लेकिन बीते दो साल से 10वीं पर है। जामिया मिलिया इस्लामिया को 12वीं और दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) को 22वीं रैंक मिली। दोनों विश्वविद्यालय पिछले साल की तुलना में एक-एक पायदान चढ़े हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी 2018 की रैंकिंग में 14वें और 2022 की रैंकिंग में 23वें पायदान पर थी।

## रायपुर आईआईएम 11वां, सेंट्रल यूनिवर्सिटी सूची से ही बाहर

यूनिवर्सिटी कैटेगरी में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय पिछली बार की तरह इस बार भी 151-200 के रैंक बैंड में हैं। जबकि एक निजी यूनिवर्सिटी को 101 से 150 रैंक बैंड के बीच जगह मिली है। इसी तरह, मैनेजमेंट कैटेगरी में आईआईएम रायपुर 11वें नंबर पर है। मेडिकल में एम्स रायपुर को देश में 39वीं रैंक हासिल हुई है। इंजीनियरिंग में एनआईटी रायपुर ने 70वें रैंक पर है। आईआईटी की रैंकिंग में भिलाई का संस्थान देश में 81 वें नंबर पर है। यूनिवर्सिटी कैटेगरी में सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर तो देशभर के 200 विश्वविद्यालयों की सूची से ही बाहर है। लेकिन फार्मेसी कैटगेरी में 43वां रैंक मिला है।

## टॉप-100 में मप्र, राजस्थान, बिहार और झारखंड के संस्थान भी शामिल

राज्यों से जिन संस्थान को टॉप-100 में स्थान मिला है, उनमें हर राज्य से उच्चतम रैंकिंग हासिल करने वाला संस्थान तकनीकी शिक्षा से जुड़ा है। मसलन गुजरात का आईआईटी-गांधीनगर (24), राजस्थान का बीआईटी-पिलानी (25), मध्य प्रदेश का आईआईटी-इंदौर (28), झारखंड का आईआईटी-आईएसएम-धनबाद (42) और बिहार का आईआईटी-पटना (66)।

### इनोवेशन में कानपुर आईआईटी नं. 1

- इनोवेशन में आईआईटी-कानपुर शीर्ष पर है। पहले 7 पायदान पर आईआईटी ही हैं। दूसरे से सातवें पायदान पर क्रमशः मद्रास, हैदराबाद, दिल्ली, रुड़की, बेंगलुरु और बॉम्बे को जगह मिली है।
- कृषि संबंधी संस्थानों की रैंकिंग में दिल्ली का इंडियन एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट अव्वल रहा। करनाल के डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट को दूसरा और लुधियाना के पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी को तीसरा स्थान मिला।
- लॉ कॉलेजों में बेंगलुरु का नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी और दिल्ली का नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी 2018 से अब तक सभी रैंकिंग में पहले और दूसरे स्थान पर लगातार कायम है।

### मेडिकल कॉलेजों में दिल्ली एम्स टॉप

- मेडिकल कॉलेजों की रैंकिंग में 5 वर्षों से दिल्ली एम्स पहले पर है। चंडीगढ़ पीजीआई दूसरे और वेल्लोर का सीएमसी तीसरे पर रहा।
- डेंटल कॉलेजों में चेन्नई का सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंस बीते दो वर्षों से पहले पायदान पर है, उससे पहले 2021 में तीसरे व 2020 में चौथे पायदान पर था।

### मैनेजमेंट में IIM अहमदाबाद टॉप पर

मैनेजमेंट संस्थानों में आईआईएम-अहमदाबाद लगातार चौथे साल अव्वल रहा। टॉप-10 में आईआईटी-दिल्ली व आईआईटी-बॉम्बे भी हैं।

**Dainik bhasker, 6th June 2023, p. 1**